**कार्यालय परियोजना अधिकारी, महिला एवं बाल विकास परियोजना**
**कोयलीबेड़ा–2 पखान्जूर जिला – कॉंकेर, (छत्तीसगढ़)**

क्रमांक / 1829 मबाविपरि / ऑ0बा0नि0 / 2026–27 पखान्जूर, दिनॉक 05/08 / 2026

प्रति,

मुख्य नगरपालिका अधिकारी,
नगर पंचायत पखांजूर

विषयः– रिक्त ऑ0बा0 केन्द्र में सहायिका पद पर भर्ती हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित करने बाबत् ।

–00–

पखान्जूर परियोजना अन्तर्गत रिक्त ऑ0बा0 केन्द्र में सहायिका के सूची प्रसारित परिशिष्ट (एक) पत्र क्रमॉक /1829/ दिनॉक 19 / 08 / 2026 में उल्लेखित केन्द्र के लिए आं0बा0 सहायिका की नियुक्ति किया जाना है, इस हेतु आवेदन पत्र जिस वार्ड में ऑ0बा0 केन्द्र संचालित किया जाना है, उसी वार्ड के इच्छुक आवेदिका निर्धारित दिनांक 18.05.2026 से 03.06.2026 तक महिला एवं बाल विकास विभाग के ई–भर्ती साईट (भर्ती लिंक **https://aww.e-bharti.in/**) के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन कर सकते है। नियत तिथि पश्चात आवेदन स्वीकार नहीं किये जायेंगे। इसकी सूचना नगर पंचायत के सूचना पटल पर सूचना चस्पा करवायेंगे साथ ही **कोटवार के माध्यम से मुनादी** भी करवायें जावेंगे। जिससे इच्छुक महिला उम्मीद्वार को आसानी से सूचना प्राप्त हो सकेगा ।

संलग्नः– परिशिष्ट–(एक) ।

परियोजना अधिकारी
महिला एवं बाल विकास परियोजना
पखान्जूर जिला–कॉंकेर

पृ0क्र0 /1827/ मबाविपरि / ऑ0बा0नि0 / 2026–27 पखान्जूर, दिनॉक 05/08/ 2026

प्रतिलिपिः

1. जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास कॉंकेर को सूचनार्थ ।
2. पर्यवेक्षक सेक्टर ..........................................................................आप अपने सेक्टर के आं0बा0 केन्द्रों में यह परिशिष्ट (एक)चस्पाकर वार्ड के इच्छुक उम्मीद्वारों को आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराने हेतु ।

परियोजना अधिकारी
महिला एवं बाल विकास परियोजना
पखान्जूर, जिला–कॉंकेर

## परिशिष्ट – (एक)
## आँगनबाड़ी कार्यकर्ता/सहायिका पद हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित करने
## "सूचना"

क्रमॉक/1829/मबाविपरि0/आबानि0/2026–27 पखांजुर,दिनॉक 05/08/2026

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ शासन महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्रालय ,डी.के. एस.भवन,रायपुर क्रमांक 728/1098/2008/मबावि/50 रायपुर दिनांक 02.04.2008 एव विभागीय संशोधित आदेश क्रमांक 1226/1098/2008/मबावि/50 नवा रायपुर दिनांक 21.04.2023 के तहत निम्नानुसार ऑ0बा0 केन्द्र में कार्यकर्ता एवं सहायिका पद रिक्त होने के कारण इस पद पर नियुक्ति की जानी है। संचालनालय महिला एवं बाल विकास विभाग इन्द्रावती भवन नवा रायपुर का पत्र दिनांक 07.01.2026 के द्वारा आंगनबाड़ी सहायिका भर्ती आनलाईन प्रकिया द्वारा किया जाना है। नियुक्ति हेतु पात्र अभ्यर्थीयों से आवेदन दिनांक 05/08/2026 से 19/08/2026 तक आवेदन केवल ऑनलाईन माध्यम से ही स्वीकार किये जायेगें। ऑनलाईन आवेदन हेतु आवेदिका नीचे दिए गए लिंक अथवा ई–भर्ती साईड के माध्यम से नियत तिथि तक आवेदन कर सकते है। नियत तिथि पश्चात् आवेदन स्वीकार नहीं किये जायेगें। (भर्ती लिंक **https://aww.e-bharti.in/**) आंगनबाड़ी केन्द्रवार रिक्त पद की जानकारी निम्नानुसार है:–

| क्रमॉक | सेक्टर का नाम | केन्द्र का नाम | ग्राम/वार्ड का नाम | ग्राम पंचायत/वार्ड तथा नगरीय निकाय का नाम | पद का नाम एवं पद सं0 | | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | कार्यकर्ता | सहायिका | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | पखांजूर | पखांजूर मंदिरपारा | वार्ड 14 | नगर पंचायत पखांजूर | 0 | 01 | |
| योग– | | | | | 0 | 01 | |

**आवेदन किये जाने हेतु निम्नानुसार अर्हताएं है :–**

1. आंगनबाड़ी कार्यकर्ता/सहायिका के पद केवल महिलाओं के लिए होंगे।
2. आवेदिका की आयु 18 से 44 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। आयु की गणना आवेदन आमंत्रित करने की सूचना जारी होने की तिथि से की जावेगी। एक वर्ष या अधिक सेवा का अनुभव रखने वाली सहायिका नियुक्ति की अधिकतम आयु सीमा में तीन वर्ष की छूट दी जावेगी। ऐसी कार्यकर्ता सहायिका जिन्हे अनियमितता के कारण पूर्व में सेवा से बर्खास्त किया गया है, उन्हे दोबारा सेवा में नही लिया जावेगा।
3. आवेदिका उसी ग्राम की स्थायी निवासी होना चाहिए, जिस ग्राम में आंगनबाडी केन्द्र स्थित है। (शहरी क्षेत्रों में आवेदिका उसी वार्ड की निवासी होना चाहिए।) ग्राम से आशय राजस्व ग्राम होगा।
4. निवासी होने के प्रमाण में **(1)** ग्राम की अद्यतन मतदाता सूची में दर्ज नाम एवं नगरीय क्षेत्र होने पर संबंधित वार्ड की अद्यतन मतदाता सूची में नाम दर्ज हो, तो आवेदन पत्र में उसके क्रमांक का उल्लेख कर प्रतिलिपि लगायी जावे। **अथवा (2)** ग्राम पंचायत के सरपंच तथा सचिव के द्वारा संयुक्त हस्ताक्षरित अथवा पटवारी तथा नगरीय निकायों में की जाने वाली नियुक्ति में वार्ड पार्षद अथवा पटवारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र जिसमें वार्ड ग्राम एवं ग्राम में निवासरत रहने का पता सहित स्पष्ट उल्लेख हो, मान्य किया जावेगा।
5. आवेदिका की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता निम्नानुसार होनी चाहिए:–

| | |
|---|---|
| आंगनबाडी/ मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पद हेतु | 12 वीं अथवा 11 वीं बोर्ड उत्तीर्ण |
| आंगनबाड़ी सहायिका पद हेतु | 8 वीं बोर्ड उत्तीर्ण (कक्षा 8 वीं का प्रमाण पत्र ग्रेडिंग के आधार पर होने पर स्कूल के प्राचार्य द्वारा जारी किया गया विषयवार पूर्णांक एवं प्राप्तांक का विवरण अपलोड किया जाना अनिवार्य होगा। |

(1) उपरोक्तानुसार शहरी/ग्रामीण/आदिवासी परियोजना में कोई आवेदिका न मिलने पर कार्यकर्ता पद हेतु शैक्षणिक योग्यता षिथिल मानकर दसवीं बोर्ड रखी जावेगी, इस अनुसार भी कोई आवेदिका न मिलने पर पुनः षिथिल मानकर आठवीं बोर्ड एवं इसके उपरान्त भी आवेदिका न मिलने पर पॉचवी उत्तीर्ण रखी जावेगी। सहायिका पद में भी उपरोक्तानुसार शैक्षणिक योग्यता वाली आवेदिका न मिलने पर शैक्षणिक योग्यता संबंधी प्रावधान शिथिल कर कम शैक्षणिक योग्यता के आवेदन पत्र भी विचार किया जावेगा।

(2) अनुभवी सहायिका/सह सहायिका होने पर गरीबी रेखा परिवार, अनुसूचित जाति, जनजाति परिवार की महिला होने तथा विधवा परित्यक्ता अथवा तलाकषुदा महिला होने पर अतिरिक्त अंक दिया जावेगा।

**6)आंगनबाड़ी सहायिका पद हेतु मूल्यांकन –**

| क्रमांक | योग्यता | अंक | कुल अधिकतम प्राप्तांक/अंक |
|---|---|---|---|
| 1 | आठवीं उत्तीर्ण अथवा उपरोक्तानुसार आवेदिका न मिलने पर शैक्षणिक योग्यता षिथिल मानकर निर्धारित की गई शैक्षणिक योग्यता | कुल प्राप्त अंको के प्रतिषत के 60 प्रतिषत अंक के बराबर अंक | 60 |
| 2 | विधवा (प्रमाणित शासकीय दस्तावेज) अथवा कम से कम दो वर्ष से अधिक समय तक परित्यक्ता (ग्रामीण क्षेत्र में सरपेच/सचिव से संयुक्त हस्ताक्षरित प्रमाण पत्र व नगरीय क्षेत्र में वार्ड पार्षद द्वारा जारी प्रमाण पत्र) अथवा तलाकषुदा होने पर (न्यायालयीन आदेश की प्रति) प्रमाण पत्र अपलोड करने पर | 15 अंक | 15 |
| 3 | अनुसूचित जाति / जनजाति वर्ग की महिला होने पर (सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र अपलोड करने पर ) | 10 अंक | 10 |
| 4 | पूर्व से कार्यरत अनुभवी कार्यकर्ता/ सहायिका/सह सहायिका होने पर अनुभव प्रमाण पत्र अपलोड करने पर | 1 वर्ष से उससे अधिक के अनुभव पर 6 अंक | 06 |
| 5 | गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले परिवार की महिला होने पर (प्रभावषील ग्रामीण क्षेत्रों हेतु सामाजिक आर्थिक एवं जाती जनगणना 2011 के आधार पर सूची से ) (ब्ऽ द्वारा जारी प्रमाण पत्र अपलोड करने पर ) | 06 अंक | 06 |
| 6 | अनुसूचित जाति/जनजाति विभाग द्वारा संचालित कन्या आश्रम में आठवीं तक अध्ययन करने संबंधी प्रमाण पत्र अपलोड करने पर | 03 अंक | 03 |
| | | योग अधिकतम प्राप्तांक | 100 अंक |

**7)** **आवेदिका को समस्त प्रमाणपत्र स्वप्रमाणित कर आवेदन करते समय अपलोड करना होगा। दावा आपत्ति में मूल्यांकनात्मक अंक वृद्धि वाला कोई प्रमाण पत्र स्वीकार नही होगा, एवं ऑनलाईन दस्तावेज अपलोड करने का विकल्प नहीं मिलेगा।**

**8)** **उपरोक्तानुसार अर्हर्ताए रखने वाले इच्छुक आवेदिका रिक्त पद हेतु आवेदन कर सकते है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका का पद पूर्णतः मानसेवी तथा अशासकीय पद है। इन्हे केन्द्र एवं राज्य शासन द्वारा निर्धारित मानदेय दिया जावेगा।**

5/08/26

**परियोजना अधिकारी**
**महिला एवं बाल विकास परियोजना**
**पखांजुर, जिला – कॉकेर**

पृ.क./1030/मबाविपरि/ आबानि0/2026–27 पखांजुर दिनांक 05/08/2026

प्रतिलिपिः–

1. जिला कार्यक्रम अधिकारी,महिला एवं बाल विकास विभाग जिला – उ0ब0 कांकेर की ओर सादर सूचनार्थ।
2. मुख्य कार्यालिका अधिकारी,नगर पंचायत पखांजूर को सादर सूचनार्थ एवं विज्ञापन दो प्रतियों में तथा निर्धारित आवेदन पत्र का प्रारूप सूचना पटल पर चस्पा कराया गया ।

3. वार्ड पार्षद ......................................की ओर सूचनार्थ। कृपया विज्ञापन एवं निर्धारित आवेदन पत्र नगर पंचायत के सूचना पटल पर चस्पा करें तथा कोटवार से मुनादी कराये जाने का कष्ट करें।
4. पर्यवेक्षक सेक्टर पखांजूर को सूचनार्थ। एवं नगर पंचायत के वार्ड कमांक 14 से मुनादी कराने की पावती इस कार्यालय में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

**परियोजना अधिकारी**
**महिला एवं बाल विकास परियोजना**
**पखांजुर, जिला – कॉकेर**